दिनांक: 07/05/2011

फा0सं0–10/पी0आर0/2010/पी0आर0डी0

प्रेस विज्ञप्ति

भारत में पहली बार गले के कैंसर की रोबोटिक सर्जरी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, के नाक, कान व गला विभाग में गुरूवार, 5 मई, को गले के कैंसर के चार मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। इस तक़नीक में दाविंची रोबोट का प्रयोग हुआ। इस सर्जरी में बिना इंसीजन (छेदन) के रोबोट की सहायता से गले का अंदरूनी कैंसर ऑपरेशन करके निकाला जाता है। यह ऑपरेशन अमेरिका में शुरू हुआ था। एम्स के डॉ0 सुरेश शर्मा तथा डॉ0 आलोक ठक्कर ने अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर के पेंसिलवानिया विश्वविद्यालय अस्पताल में गत वर्ष प्रशिक्षण में भाग लिया था। भारतीय उप महाद्वीप में यह ऑपरेशन पहली बार सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया। भारत तथा आस–पास के देशों से मरीज एम्स में गले के कैंसर के इलाज के लिए अत्यधिक संख्या में आते हैं। विश्व के चुनिन्दा अमीर देशों में होने वाला यह आपरेशन अब एम्स में भी हो सकेगा। **इस संदर्भ मे अधिक जानकारी के लिए डा0 सुरेश शर्मा के मोबाइल 8802212270, 9868397466 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

7.5.11

वी0पी0एस0 चौहान
(सहायक जनसम्पर्क अधिकारी)